संख्या– /XXVIII(1)/2017-57/2013

प्रेषक,

ओम प्रकाश,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
चिकित्सा शिक्षा विभाग,
निदेशालय, देहरादून।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 18 अगस्त, 2017

विषयः– राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से सम्बद्ध स्वामी राम कैन्सर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान, हल्द्वानी में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (मेडिकल फिजिसिस्ट) के 02 पद सृजित किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–26प/चि0शि0/180/2013/5843 दिनांक 18.11.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से सम्बद्ध स्वामी राम कैन्सर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान, हल्द्वानी में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (मेडिकल फिजिसिस्ट) के 02 पद सृजित किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से सम्बद्ध स्वामी राम कैन्सर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान, हल्द्वानी में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (मेडिकल फिजिसिस्ट) के 02 अस्थाई पद पुनरीक्षित वेतनमान में वेतन मेट्रिक्स लेबल–10 ₹ 56100–177500 (अपुनरीक्षित वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड वेतन–₹ 5400) में दिनांक 28.02.2018 तक बशर्ते उक्त पद इससे पूर्व समाप्त न कर दिये जाय, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– इस संबंध में होना वाला व्यय सुसंगत लेखाशीर्षक के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–476/XXVII(7)/2017 दिनांक 31 जुलाई, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से ज़ारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ओम प्रकाश)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 1030 /XXVIII(1)/2017-57/2013, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा, देहरादून।
2. आयुक्त कुमायूँ मण्डल, नैनीताल।
3. जिलाधिकारी, नैनीताल।
4. प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल।
6. एन0आई0सी0।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
उप सचिव।

E:\Yashwant Sir\Draft 2017.doc